## सार-समाचार

### मन की बात का बूथों पर प्रसारण हुआ

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड एवं प्रदेश संयोजक मोतीलाल मीणा के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व तथा मन की बात जिला संयोजक सुरेश सोलंकी के निर्देशन में जिले भर के सभी बूथों पर 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन एवं प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। इसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 129वें एपिसोड में देश को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2025 भारत के लिए गौरव और उपलब्धियों से भरा रहा, जिससे देश को नया आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बताते हुए कहा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। प्रधानमंत्री ने खेल, विज्ञान, अंतरिक्ष, संस्कृति और स्वदेशी प्रयासों में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए कच्छ रणोत्सव, पारंपरिक कलाओं, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के नवाचार, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन और यंग लीडर डायलॉग जैसे अभियानों की सराहना की। साथ ही उन्होंने एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक उपयोग से बचने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं देते हुए 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। जालोर नगर में नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी के नेतृत्व में मन की बात का प्रसारण हुआ। जिसमें जिला प्रवक्ता दिनेश महावर,अंबालाल व्यास,नगर महामंत्री सुरेश सुन्देशा, महेश भट्ट, अचलसिंह, दिनेश बारोट,रामसा माली, हीराराम देवासी सहित कही पदाधिकारी उपस्थित थे।

### फलोदी में आयुर्वेद चिकित्सा भवन बनेगा

**फलोदी**, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा नगरपालिका बाप मुख्यालय पर आयुर्वेद का निजी भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृत किया है। बाप पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष लीलादेवी जगदीश पालीवाल ने बताया कि उनके कार्यकाल में खसरा नंबर 2557/4 में तीन बीघा भूमि आवंटन के प्रस्ताव तैयार किए थे जो सरकार ने भूमि आवंटित कर दी है। यह भूमि राजकीय महाविद्यालय बाप के समीप स्थित है जहां जल्द ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल ने बताया कि भवन निर्माण के लिए तीन करोड की राशि सरकार ने स्वीकृत की है।पालीवाल ने बताया सरकार ने 17 पद इस आयुर्वेद चिकित्सालय के लिए स्वीकृत किए है। वर्तमान में यह चिकित्सालय पुराने जवाहर चिकित्सालय में संचालित हो रहा है। सरकार की मंशा रही हैं कि हमारी आयुर्वेद पद्धति आमजन के रुचि की चिकित्सा बने। इस समय यूनानी,होम्योपैथिक,आयुर्वेद चिकित्सा एक ही परिसर में संचालित हो रही है।आमजन को इसका लाभ मिल रहा है। बजट स्वीकृत के लिए ग्रामीणों ने सरकार का आभार जताया है। जिनमे भाजपा ओबीसी जिलाध्यक्ष मुरलीधर, उपाध्यक्ष विजय कुमावत, मदन शर्मा, मोहन भैया, दामोदर मेहता, ओम राङ्गी,बाप के नगरपालिका पूर्व अध्यक्षा लीला देवी, पूर्व उपप्रधान जगदीश पालीवाल, जगदीश मुधा, सरादीन, आदि ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,क्षेत्रीय विधायक मास्टर पब्बाराम बिश्नोई का आभार प्रकट किया।

### लोहार समाज की बैठक हुई

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के बुढेश्वर परगना लोहार समाज रेवदर की आम जनरल बैठा समाज अध्यक्ष मेलाप राम रेवदर की अध्यक्षता मे व बुजुर्ग समाज बंधु हेमाराम लोहार खाण के मार्गदर्शन में लोहार समाज भवन रेवदर में सर्व सहमति से संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष मेलाप राम रेवदर द्वारा पूर्व कमेटी को भंग किया गया और नवीन कमेटी का गठन करने के लिए प्रस्ताव दिया। चुनाव अधिकारी के रूप में रेवदर तहसील अध्यक्ष भीमाराम बासन को चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी ने समाज बंधुओ से अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव मांगा तो सर्व सहमति से तलकाराम बासन का नाम प्रस्तावित किया गया। विश्वकर्मा भगवान तनकीजी महाराज सरेसी माताजी की जय घोष के साथ अध्यक्ष पद के लिए तलकाराम बासन को नियुक्ति दी गई। सचिव पद के लिए धनाराम लोहार खाण को नियुक्ति दी गई। कोषाध्यक्ष पद हेतु शंकर लाल लोहार रेवदर को नियुक्ति दी गई। सह कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार दत्तानी को नियुक्त किया। सदस्य के लिए देवाराम रेवदर, रमेश कुमार रेवदर, खंगाराम बासन, हेमाराम खाण, रतनलाल वरमान, अर्जुन राम रेवदर, प्रकाश कुमार रेवदर उपरोक्त 11 सदस्य की कमेटी सर्व समिति के साथ बनी। विश्वकर्मा व तनकी महाराज की जय घोष के साथ नवीन कमेटी को नियुक्ति दी गई। समाज की आगामी बैठक 25 जनवरी 2026 रविवार के दिन रखी गई है। कमेटी का उद्देश्य बालक बालिकाओं को शिक्षा के साथ जोडकर उच्च शिक्षा प्रदान करने का हृदय से लक्ष्य रखा गया। समाज में फैल रही कुरीतीयां को मिटाना, पर्यावरण की रक्षा करना, समाज तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना आदि प्रस्ताव लेकर निर्णय लिया गया।

### पाठियालो के जीर्णोद्वार की मांग

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। श्री लक्ष्मीचंद वीरभान लखू वीरा पुरोहित बगीची विकास समिति के तत्वाधान में नगरपरिषद आयुक्त को कई बार ज्ञापन देकर ध्यान आकर्षित किया गया है कि गड़ीसर तालाब स्थित पुरोहित बगीची के नीचे प्राचीन पाठियाले जीर्ण क्षीर्ण हो रही हैं तथा कलात्मक प्राचीन छतरिया मरणासन्न अवस्था में हैं। छतरियों पर पर्यटन सीजन के चलते कई सैलानियों का विचरण दिन भर रहता हैं तथा पुरोहित बगीची में वर्ष पर्यन्त धार्मिक आयोजन व होली पर 3 हजार लोगों की गोठ का आयोजन होता है। ऐसी स्थिति में कभी भी बहुत भयंकर हादसा जनहानि हो सकती है इसलिए समय पर जीर्णोद्वार करवाया जाए। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के जैसलमेर दौरे के दौरान उन्हे भी अवगत करवाया गया था। तब जिला कलेक्टर प्रतापसिंह ने आश्वासन दिया था कि शीघ्र जीर्णोद्वार कार्य करवाया जाएगा, किन्तु अभी तक कोई कार्य शुरू नहीं किया गया है।

### कुरजा महोत्सव का करवाया भ्रमण

**फलोदी**, (निसं)। सेवा भारती समिति फलोदी की ओर से रविवार को समाज के वंचित वर्ग की बस्तियां जिसमें सांसी बस्ती,जोगी बस्ती एवं गवारिया बस्ती के बालक बालिकाओं को फलोदी शहर के स्टेडियम में चल रहे कुरजा महोत्सव 2025 के समापन समारोह में ले जाकर इस उत्सव में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। साथ ही वहा स्थित ट्रेड फेयर में विभिन्न प्रकार की स्टालों का दृश्यावलोकन करवाया गया। विजय पालीवाल जिला अध्यक्ष ,सेवा भारती समिति फलोदी ने बताया कि ट्रेड फेयर के समापन समारोह में भानु सेवा संस्थान एवं श्रीजैन समर्पण सेवा संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा बच्चों का मान सम्मान किया कर उत्साह वर्धन किया गया। समारोह में उपस्थित भामाशाह खेमचंद जैन द्वारा वस्त्र भेंट कर सामाजिक सरोकार का निर्वहन किया गया। कार्यक्रम में विभाग सेवा प्रमुख दिलीप सिंह राजपुरोहित ,नगर संयोजक जगदीश लोढा, जिला मंत्री कंवर लाल डॉयल, असुलाल पालीवाल,विशंभर थानवी इत्यादि उपस्थित रहे।

### अग्रसेन प्रीमियम स्टेज शो हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। अग्रबंधु सेवा समिति जोधपुर द्वारा दी ग्रेट महाराजा अग्रसेन प्रीमियम स्टेज शो का आयोजन रविवार दोपहर को मारवाड़ इंटरनेशनल ऑडिटोरियम जोधपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अग्रसेन और महालक्ष्मी की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों को सेवा समिति की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। सेवा समिति के अध्यक्ष जेपी गर्ग और सचिव श्रीकिशन बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली मुख्य अतिथि थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के के गुप्ता, ओम प्रकाश सिंघल और लक्ष्मीकांत पित्ती उपस्थित थे।

### अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में पुलिस ने एक घर पर छापेमारी कर 1.5 किलोग्राम से ज्यादा अफीम बरामद की है और एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। जोधपुर पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के आदेश पर अवैध नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विनीत बंसल और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रोशन मीणा द्वारा गठित डीएसटी (पश्चिम) टीम के प्रभारी महेंद्र कुमार ने लूणी थाना टीम के साथ मिलकर शनिवार रात को इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। टीम ने शनिवार की रात लूणी थाना क्षेत्र के फिंच गांव में विक्रम गोदारा के नए घर से 1.861 किलोग्राम अवैध अफीम जब्त की। इसके बाद आरोपी विक्रम गोदारा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# अधिवक्ताओं की समाज व देश को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका : अरूण कुमार

**बालोतरा**, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि भारत का संविधान केवल विधि विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया एक कानूनी दस्तावेज मात्र नहीं है, बल्कि इसके निर्माण में वेदों के ज्ञाता, विज्ञान की गहरी समझ रखने वाले तथा उच्च बौद्धिक क्षमता से संपन्न विद्वानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सभी का एकमात्र उद्देश्य संविधान के माध्यम से समाज और राष्ट की दशा एवं दिशा को सुदृढ़ रूप से निर्धारित करना था। उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होना राष्ट्र के लिए आत्मावलोकन और आत्ममंथन का अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। वे रविवार को बालोतरा नाकोडा स्थित लालबाग रिजॉर्ट के बौद्धिक पांडाल में आयोजित अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के तीन दिवसीय 17वें राष्टीय अधिवेशन के समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

अरुण कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान मूल रूप से एक लिखित दस्तावेज अवश्य है, किंतु उसकी वास्तविक शक्ति उसके प्रावधानों तक सीमित नहीं है। संविधान भारत की सामूहिक चेतना, ऐतिहासिक अनुभवों, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट ीय संकल्पों का जीवंत प्रतिबिंब है। जब तक संविधान को केवल कानूनी प्रावधानों के रूप में देखा जाएगा, तब तक उसका उद्देश्य अधूरा रहेगा। इसे राष्ट की सामूहिक चेतना और जीवन-दृष्टि के रूप में आत्मसात करना ही उसकी सच्ची सार्थकता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल ध्येय आरंभ से ही व्यक्ति निर्माण से राष्ट निर्माण रहा है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् न्यायिक क्षेत्र में राष्ट हित को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रही है। परिषद् से जुडे सभी अधिवक्ताओं का एक ही ध्येय है, राष्ट्र सर्वोपरि । अधिवक्ताओं की भूमिका केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज को दिशा देने और राष्टीय चेतना को सुदृढ करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

कांस्टीट्यूशनल मोरालिटी और सिलेक्टिव पीआईएल की प्रवृत्तियों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि इनका दुरुपयोग सशक्त सामाजिक ढांचे को कमजोर करने और समाज में विभाजन उत्पन्न करने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रियाओं में संतुलन, संवेदनशीलता और राष्ट हित का समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

अरुण कुमार ने कहा कि अधिवक्ता परिषद से जुडे प्रत्येक अधिवक्ता का दायित्व है कि वह संविधान को उसकी मूल भावना और आत्मा के अनुरूप लागू कराने में सक्रिय भूमिका निभाए तथा न्यायिक क्षेत्र में जनहित से जुडे विषयों पर अग्रणी नेतृत्व प्रदान करे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत कोई नया राष्ट नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों से चली आ रही एक सतत, जीवंत और समृद्ध सभ्यता की निरंतर यात्रा का नाम है।

समारोप समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् के राष्टीय अध्यक्ष के. श्रीनिवास मूर्ति, उत्तर क्षेत्रीय राष्टीय संगठन मंत्री श्रीहरि राव बोरिकर तथा राष्टीय उपाध्यक्ष मीरा ताई खडक्कर मंचासीन रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में हिमाचल प्रदेश के युवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत एकल गीत तन समर्पित मन समर्पित ने पूरे वातावरण को राष्ट भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। आयोजन समिति की ओर से मुख्य वक्ता अरुण कुमार का शॉल ओढाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनन्दन किया गया। कार्य म का समापन राष्ट गान के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन चरण सिंह त्यागी ने किया।

इस अवसर पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम, जोधपुर के सह प्रांत प्रचारक राजेश, बाडमेर विभाग संघ चालक मनोहर, विभाग प्रचारक जगदीश, जोधपुर विभाग कार्यवाह मनोहर सिंह तथा क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख श्रीवर्धन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् के राष्टीय उपाध्यक्ष आर. राजेंद्रन एवं सत्यप्रकाश, राष्टीय सचिव वि म दुबे,रणवीर सिंह खडकाली, जोधपुर प्रांत अध्यक्ष सुनील जोशी, प्रांत महामंत्री श्याम पालीवाल, अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार एवं श्याम लादरेचा, जोनल सेक्रेटरी कमल परसवाल, कोषाध्यक्ष कमलेश रावल, जोधपुर महानगर के मुकेश रावल, देवेंद्र खत्री, महानगर महामंत्री देवकीनन्दन व्यास सहित देशभर से आए अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त बार काउंसिल सदस्य, विभिन्न जिला एवं राज्य बार एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से आये बडी संख्या में अधिवक्तागणों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसने अधिवेशन को वैचारिक ऊंचाई और राष्टीय चेतना से ओतप्रोत कर दिया।

अधिवेशन के अंतिम यानी समारोप सत्र के दौरान अधिवेशन की तैयारियों एवं आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न समितियों के संयोजक एवं सह-संयोजकों सहित सभी सदस्यों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मानित की गई समितियों में पंजीयन समिति, किट समिति, स्वागत समिति, मुख्य मंच एवं पार्श्व मंच समिति, आवास समिति, भोजन समिति, फ्लैक्स एवं पेंटिंग समिति, सैनिटेशन समिति, डेटा कलेक्शन समिति, फाइनेंस समिति, सीटिंग अरेंजमेंट समिति, वाटर एवं इलेक्ट्रिसिटी समिति, पार्किंग समिति, प्रेस एवं पब्लिक रिलेशन समिति, ट्रांसपोर्ट समिति एवं कल्चरल समिति शामिल रही।

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में योगदान देने वाले चिकित्सा अधिकारियों, पत्रकारों, व्यवस्थापकों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों, नगर परिषद एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने वाले सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार एवं सराहना व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि सभी समितियों और कार्यकर्ताओं के समन्वित प्रयासों से ही अधिवेशन का आयोजन सुव्यवस्थित, सफल और यादगार बन सका। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अधिवेशन के मीडिया समन्वयक देवकीनंदन व्यास ने बताया कि अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् के राष्टीय अधिवेशन के तीसरे और अंतिम दिन समारोप सत्र से पूर्व राष्टीय स्तर पर न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।

इस दौरान देश भर से आए हुए प्रतिभागियों ने अपने सुझाव दिए और इसके आधार पर देश में न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए समयबद्ध न्यायिक नियुक्तियों की आवश्यकता महसूस की गई।

प्रस्ताव में उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की भारी कमी और नियुक्तियों में देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई एवं न्यायालयों में रिक्तियां भरने हेतु केंद्र व राज्य सरकार तथा अन्य उचित मध्यमों से मांग उठाने का निर्णय किया गया।

प्रस्ताव में चिंता व्यक्त की गई कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के कारण आम नागरिक, विशेषकर गरीब व वंचित वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। यह स्थिति न्याय तक पहुँच के अधिकार और संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत त्वरित न्याय के सिद्धांत के विपरीत है।

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् का मत है कि न्यायिक पदों को समय पर न भरना संस्थागत दक्षता को कमजोर करता है, कानून के शासन को नुकसान पहुँचाता है और न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता को खतरे में डालता है। इस परिस्थिति को को सुधारने के लिए समयबद्ध न्यायिक नियुक्तियों की अत्यंत आवश्यकता है। अत: न्यायिक नियुक्तियां करने, न्यायिक शक्ति बनाए रखने और प्रत्येक नागरिक को सुलभ, प्रभावी व समय पर न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### आदर्श विद्या मंदिर की सुनीता मिलेंगे 40 हजार रुपए

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिले के फतेहगढ़ आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक की छात्रा सुनीता सेन को पद्माक्षी पुरस्कार योजना के लिए चुना गया है। सुनीता ने पिछले वर्ष आठवीं बोर्ड परीक्षा में जैसलमेर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया था।

बालिका शिक्षा फाउंडेशन राजस्थान, जयपुर द्वारा संचालित इस योजना के तहत छात्रा को राज्य सरकार की ओर से 40हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। सुनीता सेन गणेशकुमार सेन की पुत्री हैं।

इस उपलब्धि के लिए आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में सुनीता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर छात्रा को मेमोटो और गमछा पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जेताराम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और सुनीता की तरह अपना नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बालिका शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया।

### चिकित्सा जांच व परामर्श 30 को

**बालोतरा**, (निसं)। राजकीय जिला नाहटा चिकित्सालय की मोर्चरी के पास स्थित माताजी आयुर्वेदा केन्द्र बालोतरा 30 दिसंबर को रियायती दर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित होगा।

आयोजक केमिस्ट एवं फार्मासिस्ट कुंदनमल बी. जोशी ने बताया कि माताजी आयुर्वेदा केन्द्र पर मंगलवार 3० दिसंबर को रियायती दर पर आयोजित होने वाला शिविर सुबह 1० से शाम ०5 बजे तक चलेगा।

# मंत्री बाबूलाल खराड़ी की पत्नी मणी देवी का स्वागत



जालोर में मंत्री बाबूलाल खराड़ी की पत्नी मणी देवी का स्चागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी की धर्मपत्नी मणी देवी रविवार को जालोर जिले में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेते हुए जनजाति समाज के उत्थान और विशेषकर बच्चों की शिक्षा व भविष्य को लेकर चिंता जताई।

जालोर आगमन पर होमगार्ड के जवानों ने उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात मणी देवी ने जनजाति समाज से जुडे सामाजिक सरोकारों पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और मार्गदर्शन देना समय की सबसे बडी आवश्यकता है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड सकें।

उन्होंने कहा कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास से ही जनजाति क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक संगठनों से आगे आकर बच्चों के भविष्य निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान भी किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा स्त्र मोर्चा जिला महामंत्री मनोहर राणा, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री सुशील सेन तथा भाजपा स्ट जिला महामंत्री इंद्र गर्ग सहित कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सूने घर के ताले तोड़कर चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के प्रेम विहार इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर ताले तोड़कर घर में घुसे और लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए।

राजीव गांधी नगर थाने में प्रेम विहार निवासी शैलेश व्यास ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह अपने परिवार सहित 26 दिसंबर की शाम अपने पैतृक निवास जबरी बाजार, जालोरी गेट क्षेत्र में गए हुए थे। परिवार रात वहीं रुक गया। अगली सुबह करीब 9 से 9:30 बजे जब वे अपने प्रेम विहार स्थित मकान लौटे, तो घर के सभी ताले टूटे हुए मिले और कमरों में सामान बिखरा पड़ा था।

इसके बाद उसने सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जिसमें 3-4 संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा ताले तोड़कर चोरी करते हुए नजर आने की जानकारी मिली है। चोरों ने कैमरों से भी छेड़छाड़ की।

पीड़ित के अनुसार, चोर सोने का हार, चूड़ियां, कंगन, अंगूठियां, मंगलसूत्र, बालियां, चांदी के सिक्के, गिलास सहित करीब 25 तोला सोना, लगभग आधा किलो चांदी, 50-60 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। चोरी किए गए गए माल की कीमत 30 लाख से ज्यादा बताई जा रही है।

पीड़ित ने यह भी बताया कि पड़ोसी नगेन्द्र राजपुरोहित के घर से भी करीब 4 तोला सोने के आभूषण और 40-50 हजार रुपए नकद चोरी हुए हैं। पीड़ित की शिकायत पर जोधपुर के राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महावीर स्वामी क्रिकेट प्रतियोगिता सायला इलेवन ने जीती

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती भाण्डवपुर गांव में आयोजित श्री महावीर स्वामी क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का रविवार को समापन हुआ।

खिताबी मुकाबले में सायला इलेवन ने रफ्तार जीवाणा को पटखनी देकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। समापन समारोह सरपंच प्रतिनिधि छैलेन्द्रसिंह चारण के मुख्य आतिथ्य एवं ग्राम सेवा सहकारी समिति के उपाध्यक्ष मदनसिंह भाटी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

आयोजन समिति के यशपालसिंह भाटी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रविवार को अंतिम दिन पहले सेमीफाइनल में सायला इलेवन ने शक्ति मोटर्स को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच में रफ्तार जीवाणा ने मेजबान भाण्डवपुर की टीम को परास्त कर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। फाइनल मैच सायला इलेवन और रफ्तार जीवाणा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रफ्तार जीवाणा की टीम सायला की सटीक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं पाई और पूरी टीम 9.3 ओवर में महज 53 रनों पर सिमट गई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सायला इलेवन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 8 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। सायला के कुलदीप सिंह को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। समारोह के दौरान विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के सहयोगी भामाशाहों पूनमसिंह प्रतापसिंह भाटी, भंवरसिंह चमनसिंह दहिया, दशरथसिंह भोपालसिंह भाटी, हडमताराम चतराजी चौधरी, विक्रमसिंह भंवरसिंह दहिया, रोशन खान, पारसाराम सुथार का आयोजन समिति द्वारा बहुमान किया गया।

इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी रामदेव पुनिया, एडवोकेट मुकेश वैष्णव, दिगम्बरसिंह, आसाराम, भूपेन्द्र राणा, ललित माली, नरेश सुथार, दशरथसिंह, करीम खान, आकाश कुमार, हनीफ खान, आवडदान चारण सहित खेलप्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे।

### सत्संग महोत्सव आज

**जोधपुर**, (कासं)। श्रीवैष्णव अठा रसिक परम्परानुगत स्वामी हरिरामजी वैरागी विरक्त गूदड़ गद्दी उत्तम आश्रम (आचार्य पीठ) जोधपुर के षष्ठ पीठाधीश्वर स्वामी तत्त्वज्ञ डॉ. रामप्रकाशाचार्य महाराज अच्युत के ब्रह्मलीन होने के उपलक्ष में उत्तम आश्रम (आचार्य पीठ) तथा उत्तम आश्रम मानव कल्याण समिति के तत्वावधान में मासिक सत्संग महोत्सव 29 दिसम्बर को होगा। योगाचार्य संत शुकदेवप्रसाद महाराज ने जानकारी दी।

### टूटी सड़कों से परेशाान लोगों ने धरना दिया

**जोधपुर**, (कासं)।जोधपुर में टूटी सड़कों से आहत होकर रूप नगर, साईं बाबा मंदिर के पास बड़ी संख्या में लोगों ने धरना देकर सड़क मार्ग जाम कर दिया । लोगों ने प्रशासन के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई।

धरना दे रहे लोगों का कहना है कि उनके इलाके की सड़कें पिछले छह महीने से पूरी तरह टूटी हुई हैं। न तो उनकी मरम्मत करवाई जा रही है और न ही नई सड़क बनाने का कार्य शुरू हुआ है। इससे आने-जाने में लगातार परेशानी हो रही है।

धरना दे रहे स्थानीय नागरिकों ने बताया कि क्षेत्र के विधायक देवेंद्र जोशी भी कई बार सड़क निर्माण शुरू करवाने का आश्वासन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक धरातल पर काम शुरू नहीं हुआ है, जिसके चलते लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। जैसे ही विधायक देवेंद्र जोशी को धरने की जानकारी मिली, उन्होंने जेडीए अधिकारियों को मौके पर भेजा। अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर लोगों से बातचीत कर समाधान निकालने की कोशिश की।

धरना मोहल्ला विकास समिति के अध्यक्ष लखपत परिहार और अशोक विश्नोई के नेतृत्व में दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे और सड़क निर्माण की मांग को लेकर विरोध दर्ज कराया।

# कांग्रेसजनों ने जन जागरण पैदल मार्च निकाला

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविवार सुबह को भारतीय राष्टीय कांग्रेस स्थापना दिवस पर झंडारोहण एवंम अरावली बचाओ जनआंदोलन और महात्मा गांधी नरेगा को निरस्त करने के विरोध में जन जागरण रैली पैदल मार्च कार्यक्रम जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृत्व में राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित हुआ।

जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि भारतीय राष्टीय कांग्रेस स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यालय पर झंडारोहण कर एक विचार गोष्टी का आयोजन किया गया।विचार गोष्टी में कांग्रेसजन ने कांग्रेस पार्टी के इतिहास एवम देश के लिए पार्टी द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो पर प्रकाश डाला। दोपहर 12.00 बजे समस्त कांग्रेसजन द्वारा अरावली बचाओ जन आंदोलन एवम महात्मा गांधी नरेगा को निरस्त करने के विरोध में जनजागरण रैली पैदल मार्च निकाला गया।

पैदल मार्च राजीव गांधी भवन से प्रारम्भ होकर हॉस्पिटल चौराया,हरिदेव जोशी सर्किल होते हुए भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए गांधी चौक मुख्य बाजार पंहुचा। गांधी चौक में महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल ने कहा कि अरावली पर्वतमाला ना सिर्फ राजस्थान प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर है, बल्कि प्रदेश की जीवनरेखा भी है, जो ना सिर्फ प्रदेश में रेगिस्तान के विस्तार को रोकने में सहायक है, धूलभरी आंधियों से बचाव करती है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होने के साथ ही प्रदेशवासियों के लिए आस्था का केन्द्र है, अनेक देवालय इस पर्वतमाला पर स्थित है। भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा षड्यंत्र रचकर प्रदेश की पहचान अरावली पर्वतमाला को खनन माफियाओं के हवाले कर खनन पट्टे आवंटित कर समाप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की इस बहुमूल्य सम्पदा को नष्ट होने से बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी के समस्त नेता एवं कार्यकर्ता कृत संकल्प है।

अरावली पर्वतमाला समाप्त ना हो और भाजपा द्वारा प्रदेश की सम्पदा को अपने उद्योगपति मित्रों को सौंप कर लुटवाने के षड्यंत्र के विरूद्ध कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश में जन-जागरण अभियान चलाने के साथ ही अरावली पर्वतमाला को बचाने हेतु केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के विरूद्ध व्यापक जन आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है।

भाजपा की केन्द्र सरकार ने महात्मा गाँधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने के लिये एक विधेयक पेश कर अत्यन्त चिंताजनक और सुनियोजित कदम उठाया है। केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने के लिये महात्मा गाँधी का नाम हटाने, रोजगार गारंटी का विनाश करने, केन्द्र सरकार का जिम्मेदारी से पीछे हटने जैसे कार्य इस विधेयक के अन्तर्गत पारित करना प्रस्तावित है।



जालोर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापना दिवस पर झंडारोहण एवं अरावली बचाओ जन आंदोलन और महात्मा गांधी नरेगा को निरस्त करने के विरोध में जन जागरण रैली पैदल मार्च हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, नैन सिंह राजपुरोहित,सवाराम पटेल, ईशराराम विश्नोई,जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत,वीरेन्द्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष संतोष कंवर, जुल्फिकार अली, जितेन्द्र कसाना, भोमाराम मेघवाल, सवाई सिंह चंपावत, गजेन्द्र सिंह डोडियाली, मेवाराम देवासी सुरेंद्र दवे,रमेश सोलंकी,बसंत सुथार, लक्ष्मण सिंह सांखला, एस सी जिलाध्यक्ष खसाराम मेघवाल,दीपक थांवला अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जाकिर अली, मांगीलाल भील,पुखराज विश्नोई, आम सिंह परिहार, खुशाल सिंह राजपुरोहित, पीर सिंह मालपुरा, जवानाराम परिहार, नागेश जैन, खीमाराम चौधरी, सुरेश मेघवाल, अनिल पंडत, चतराराम सुथार, आलम खान, गीता श्री मेघवाल, इंदु परिहार, शीला चौधरी, विनय व्यास,हस्तीमल सुथार, किसनाराम चौधरी, रामाराम चौधरी, दीपाराम मेघवाल, भरत मेघवाल, मांगीलाल चौधरी, प्रकाश मेघवाल, मांगीलाल गर्ग,साकिर खान खोखर, आंसू खान, हनुमानाराम चौधरी, मिश्रीमल गहलोत, बस्तीमल चौहान, गोपाल शर्मा,संभेलाराम माली सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।